रोजगार सहायता शिविर में 82 बेरोजगारों का चयन

चूरू (निसं)। रोजगार सेवा निदेशालय राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय चूरू की ओर से राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव व युवा सम्मेलन के साथ ही शनिवार को टाउन हॉल में रोजगार सहायता शिविर आयोजित किया गया। रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू ने बताया कि शिविर में लगभग 191 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से प्रारम्भिक रूप से 82 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इसी के साथ शिविर में शामिल नियोजकों द्वारा विभिन्न पदों की रिक्तियों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि शिविर में फ्यूजन फाइनेन्स, सीआईआई एमसीसी, यूनाईटेड इण्डिया इन्श्योरेन्स, बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेईटीआई, प्रदीप एण्ड कम्पनी इत्यादि कम्पनियों ने साक्षात्कार के माध्यम से बेरोजगार अभ्यर्थियों का प्रारम्भिक चयन किया गया। राजकीय विभाग, राजकीय आईटीआई चूरू व अनुजा निगम द्वारा स्वरोजगार, प्रशिक्षण हेतु प्रेरित किया गया तथा ऋण सम्बंधी जानकारी दी गयी। आयोजन में कनिष्ठ रोजगार अधिकारी सुशीला कताला, वरिष्ठ सहायक संजय गोस्वामी व संदीप न्यौल ने सहयोगी भूमिका निभाई।

13 साल बाद अधूरा सपना होगा पूरा, नगर परिषद में ऑडिटोरियम का निर्माण होगा शुरू

झुंझुनूं, (निसं)। नगर परिषद में 2011 में शुरू हुआ ऑडिटोरियम का निर्माण, कुछ समय बाद रूक गया था। काफी बार इसे लेकर मांग उठी। लेकिन नगर परिषद में एक ढांचा ही खडा हो पाया। जो कोई काम का नहीं है। लेकिन अब भजनलाल सरकार ने 13 साल पुराना कार्य फिर से शुरू करने का पूरा मन बनाते हुए इसके लिए 12.24 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत कर दी है। जिसमें विधायक राजेंद्र भांबू के प्रयास कामयाब हुए।

इस स्वीकृति के बाद झुंझुनूं शहर ने जो 13 साल पहले एक सपना देखा था। वो अब पूरा होने की उम्मीद जगी है। जब 2011 में ऑडिटोरियम की नींव रखी गई तो झुंझुनूं शहर के लोगों ने एक सपना देखा था कि झुंझुनूं शहर में भी एक आधुनिक सुविधाओं से युवक्त एक ऐसा ऑडिटोरियम होगा। जहां एक साथ 840 की संख्या तक शहरवासी किसी कार्यक्रम का आनंद ले सकेंगे। सरकारी मशीनरी ने भी मान लिया था कि आगे की बड़ी बैठकें और कार्यक्रम हम इस ऑडिटोरियम में करेंगे। लेकिन राणी सती ट्रस्ट द्वारा शुरू किया यह कार्य बंद हो गया। तब पता चला कि राणी सती ट्रस्ट और नगर परिषद के बीच जो एमओयू हुआ था। उसमें सिर्फ ढांचा खड़ा करने का जिम्मा राणी सती ट्रस्ट के पास था। बाकि सारा काम नगर परिषद को करवाना था। तब से कई बार इस कार्य को पूरा करवाने के लिए कोई कोशिशें हुई।

विधानसभा चुनावों, लोकसभा चुनावों, निकाया चुनावों में भी ऑडिटोरियम का अधूरा निर्माण पूरा करवाना एक मुद्दा रहा। लेकिन कभी इसकी सुध किसी ने नहीं ली। विधायक राजेंद्र भांबू ने चुनावों में ऑडिटोरियम का निर्माण पूरा करवाने का वादा किया था। जो अब पूरा हो गया है। दरअसल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वित्त मंत्री दिया कुमारी ने विधायक भांबू की मांग को पूरा करते हुए डीएमएफटी फंड से 12.24 करोड की राशि इस अधूरे पड़े ऑडिटोरियम का निर्माण पूरा करवाने के लिए स्वीकृत की है। इस स्वीकृति के बाद प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने कांग्रेस पर तंज मारा है और कहा कि कांग्रेस खोखली राजनीति करती है। झूठे वादे करती है। उसका उदाहरण ये अधूरा पडा ऑडिटोरियम है। जिसे अब भजनलाल सरकार पूरा करेगी। वहीं विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा है कि जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते ऑडिटोरियम का काम रूका हुआ था। लेकिन मुख्यमंत्री

- **840 लोगों के एक साथ बैठने की क्षमता है ऑडिटोरियम की**

व वित्त मंत्री ने अब इसके लिए बजट दे दिया है।

नगर परिषद आयुक्त दलीप पूनियां ने बताया कि राणी सती ट्रस्ट से पहले एमओयू हुआ था। उसमें राणी सती ट्रस्ट द्वारा सिर्फ ढांचा खड़ा किया जाना था। इसके बाद इंटीरियर का काम नगर परिषद को करवाना था। नगर परिषद ने 2023-24 में एक डीपीआर बनाई थी। जिसमें सामने आया था कि इस कार्य के लिए 12 करोड़ 24 लाख की राशि की जरूरत है। जिसके बाद प्रस्ताव बनाकर जिला कलेक्टर को भिजवाया गया था। इसी प्रस्ताव को मंजूर करवाने के लिए विधायक राजेंद्र भांबू ने सरकार स्तर पर बातचीत की। जिसके बाद अब डीएमएफटी फंड से स्वीकृति आ गई है। जैसे ही राशि मिलेगी। इसके टैंडर करवारकर काम शुरू करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इतनी बड़ी कैपिसिटी की हॉल की कमी जिला मुख्यालय पर हर सरकारी और गैर सरकारी कार्यक्रमों में खलती है। जो अब पूरी हो जाएगी। हमारी कोशिश रहेगी कि आने वाले वित्तीय वर्ष में इसका काम पूरा कर झुंझुनूं शहर को एक बड़ी सौगात दें।

इधर, ऑडिटोरियम के लिए राशि स्वीकृत होने की खुशी झुंझुनूं शहर के लोगों में देखी जा रही है। झुंझुनूं प्रगति संस्थान के अध्यक्ष शिक्षाविद् डॉ. दिलीप मोदी ने बताया कि उनके संस्थान द्वारा लगातार अधूरे पड़े ऑडिटोरियम का कार्य पूरा करवाने की मांग की जा रही थी। वे इस मामले में कलेक्टर और आयुक्त से मिले थे। वहीं विधायक को अपनी भावनाओं से अवगत करवाया था। अब 12.24 करोड की राशि स्वीकृत होने के बाद इसका कार्य पूरा होने की आस जगी है।

डॉ. मोदी ने कहा कि अब उनका यही कहना है कि इस राशि को स्वीकृत करवाने पर विधायक और कलेक्टर का आभार। लेकिन यह कार्य जल्द से जल्द शुरू करवाकर एक तय समय में काम पूरा करवाया जाए। साथ ही यह ऑडिटोरियम, झुंझुनूं शहर की एक शान बनेगा। इसलिए इसके निर्माण में जरा भी कोताही ना हो और सारा कार्य उच्च गुणवत्ता का और आधुनिक तकनीक का हो। उन्होंने कहा कि 13 साल से झुंझुनूं शहर अपना ऑडिटोरियम देखने के लिए तरस रहा है। इसलिए अब इसका कार्य शुरू होने में देर नहीं होनी चाहिए।

आपको बता दें कि दिसंबर 2011 में इस ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। तब राणी सती मंदिर ट्रस्ट और नगर परिषद के बीच जो एमओयू हुआ। उसमें जमीन नगर परिषद को देनी थी। इसके बाद ढांचे का निर्माण राणी सती मंदिर ट्रस्ट को करना था। इसके बाद इंटीरियर का काम नगर परिषद को करना था। नगर परिषद ने अपने ही कार्यालय के साथ लगती अपने स्वामित्व वाली जमीन का आवंटन किया। तो राणी सती मंदिर ट्रस्ट ने ऑडिटोरियम का निर्माण शुरू कर दिया। ढांचा भी खडा कर दिया। लेकिन जब इंटीरियर के काम की बात आई तो नगर परिषद यह काम नहीं करवा सकी। काफी कलेक्टर आए और गए।

कई बार बैठकें हुई। सहमति बनी। लेकिन ना तो राणी सती मंदिर ट्रस्ट इंटीरियर का काम करवाने के लिए राजी हुआ और ना ही इंटीरियर का काम करवाने के लिए नगर परिषद के पास पैसा था। ऐसे में यह काम अटका हुआ था। लेकिन अब 12.24 करोड़ की राशि स्वीकृत होने के बाद तय है कि आने वाले समय में झुंझुनूं शहर का 13 साल पहले देखा गया ऑडिटोरियम का सपना पूरा होगा।

सार-समाचार

राजस्थान दिवस मनाया

झुंझुनूं, (निसं)। शनिवार को राजस्थान दिवस विशेष रूप से मनाया गया। राजस्थान मदरसा बोर्ड जयपुर के निर्देश पर व अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नेहा झाझडिया के आदेशानुसार शहर के मदरसा मुफीदुल इस्लाम में छात्र-छात्राओं ने बढ-चढकर भाग लिया। छात्राओं ने राजस्थानी लोकगीत और नृत्य प्रस्तुत किए। कविताएं व कहानियों का पाठ किया। विधार्थियों ने राजस्थान के गौरवशाली इतिहास को याद किया। महाराणा प्रताप, रानी पद्मिनी जैसे वीर योद्धाओं की कहानियां प्रस्तुत की। छात्राओं ने राजस्थानी पारंपारिक वेशभूषा पहनी। लड़कियां घाघरा-ओढनी, पचरंगी और बंधेज में सजी थी। लडकों ने धोती-कुर्ता और साफा पहना। इस अवसर पर मदरसा के शिक्षा अनुदेशक वसीम कुरैशी, फारूक सोलंकी ने राजस्थान के इतिहास, कला-संस्कृति, पुरातत्व धरोहर, लोक परंपरा व लोकदेवता, भोगोलिक विशेषताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अब्दुल हमीद खान, फारुक सोलंकी, अकीला बानो, समीरा बानो व रुकसार बानो सहित मदरसा के स्टाफ व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

राजस्थान दिवस पर कार्यक्रम हुए

झुंझुनूं, (निसं)। बास बुडाना के चौधरी राधेश्याम जोधाराम राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विभिन्न वेशभूषाओं के साथ सजे-धजे बच्चों ने राजस्थानी गीतों पर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। संस्था प्रधान सविता महला ने राजस्थान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे संस्कार ही हमारी संस्कृति हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थानी लोकगीतों के बिना हमारी संस्कृति अधूरी है इसलिए इनको भूलना नहीं चाहिए। इस दौरान अध्यापिका संतोष देवी, प्रेमलता सैनी, बीएड प्रशिक्षु कल्पना, किरण, पूनम और विद्यार्थी मौजूद रहे।

चार घण्टे बिजली बन्द रहेगी

पाटन (निसं)। विद्युत रखरखाव मेंटेनेंस के चलते रविवार को बिजली आपूर्ति 4 घंटे बाधित रहेगी। 132 केवी जीएसएस पाटन में मरम्मत और रखरखाव कार्य किया जाएगा। इस दौरान सुबह 7 बजे से 11 बजे तक बिजली कटौती रहेगी। राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड के सहायक अभियंता नरेश सिंह नरूका ने बताया कि बिजली कटौती 33 केवी टोडा, हसामपुर, डाबला और पाटन फीडर से जुड़े सभी इलाके प्रभावित होंगे। उन्होंने नागरिकों से असुविधा के लिए सहयोग की अपील की है।

फसल कटाई प्रयोगों का निरीक्षण

सीकर (निसं)। अतिरिक्त निदेशक कृषि खंड सीकर रामनिवास पालीवाल द्वारा रबी 2024-25 में कटराथल, दौलतपुरा, दादिया, तारपुरा में सोमवार को फ़सल कटाई प्रयोगों का निरीक्षण किया। गेहूं, चना एवं जो की फसलों में सीसीई की मानक प्रक्रिया के अनुसार प्लॉट का निर्धारण कर कटाई का कार्य करवाया गया। बीमा कंपनी के तहसील प्रतिनिधि द्वारा भी किया गया। इस अवसर उप निदेशक कृषि सांख्यिकी ऋषि सामरिया, सहायक कृषि अधिकारी केसर देव, कृषि पर्यवेक्षक मंजू निठारवाल, राजेंद्र सिंह खेदड, नीतू खेदड, पिंकी बोरान एवं बीमा कंपनी प्रतिनिधि सुनील दहिया आदि उपस्थित रहे।

भामाशाह का सम्मान

सीकर (निसं)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रघुनाथगढ़ पिपराली सीकर में भामाशाह गौरी शंकर ठेकेदार हाल निवासी नारनौल हरियाणा द्वारा विद्यालय में सरस्वती मंदिर निर्माण कृष्ण भोग आयोजन एवं विद्यालय में रंग रोगन कार्य (अनुमानित लागत 3 लाख रूपये) करवाने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भामाशाह गौरी शंकर ठेकेदार को साफा ओढ़ाकर एवं मोमेंट व प्रशस्ति पत्र देकर आभार व्यक्त किया।

पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक आज

सीकर (निसं)। संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग डॉ. दीपक अग्रवाल ने बताया कि जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में 25 मार्च 2025 मंगलवार को प्रातः 11 पर कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला पशु क्रुरता निवारण समिति की बैठक आयोजित की जायेगी।

'भित्ति चित्रों से समृद्ध हवेलियां हमारे शहर की पहचान'

चूरू (निसं)। युक्ति सामाजिक शोध संस्थान चूरू व राजस्थान कला संस्कृति एवं विरासत संरक्षण अभियान के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान दिवस पर चूरू जिले की हवेली संपदा वर्तमान दशा व संरक्षण विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम संयोजक नितिन बजाज ने कार्यक्रम का विस्तृत परिचय दिया व संस्था की सांस्कृतिक सचिव सरला राव ने स्वागत भाषण दिया।

कोमल जांगिड़ ने राजस्थानी लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. सुरेन्द्र डी. सोनी ने कहा कि हवेलियां की दुर्दशा का मुख्य कारण उनकी उपेक्षा है क्योंकि मालिक व्यवसाय के लिए बाहर रहते हैं और इनकी सार संभाल करने वाला कोई नहीं है।

विशिष्ट अतिथि महणसर के राजेश शर्मा ने कहा कि अगर हवेलियों को पर्यटन से जोड़ते हैं तो यह एक बहुत अच्छा व्यवसाय बन सकता है और इनका संरक्षण भी हो सकता है। अनुराग शर्मा ने कहा कि हवेली निर्माण में जिस मेटेरियल का उपयोग होता था वह भौगोलिक स्थिति के अनुसार होता था। इसी कारण हवेलियों में रोशनी व तापमान उचित मात्रा में होते थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि आकर्षक भित्ति चित्रों से समृद्ध हवेलियां हमारे शहर की पहचान हैं। बाहर से लोग इन्हें देखने के लिए आते हैं किन्तु हमारे शहर की युवा पीढ़ी को इसकी बहुत कम जानकारी है।

परिचर्चा में पर्यटन विभाग बीकानेर संभाग के संयुक्त निदेशक अनिल राठौड़ भी ऑनलाईन संदेश के माध्यम से जुड़े। राठौड़ ने कहा कि ऐसी परिचर्चाएं निश्चित ही हवेली संरक्षण में उपयोगी साबित होगी।

परिचर्चा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भित्ति चित्र विशेषज्ञ अरविन्द शर्मा ने कहा कि जिन सेठ साहुकारों ने हवेलियां बनवाई है समाज को चाहिए कि उन्हें उचित सम्मान दें और हवेली संरक्षण केवल सरकारों का ही दायित्व नहीं है। परिचर्चा का सारांश प्रो. डॉ. के.सी. सोनी ने प्रस्तुत करते हुए कहा कि चूरू जिले में पर्यटन विभाग को पर्यटकों के लिए स्वागत केन्द्र खोलना चाहिए जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर में नगरश्री के सचिव श्यामसुन्दर शर्मा, मेघराज बजाज, हरिमोहन दाधीच, राजीव बहड़, गुरूदास भारती, मुन्नी डागा, पूजा सोनी, नरेन्द्र शर्मा, ओमप्रकाश तंवर, शिवकुमार सैनी, सत्यनारायण व्यास, छत्रसिंह डागा सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य जन उपस्थित रहे। सुचित्रा कस्वां ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन संस्था अध्यक्ष एडवोकेट रमेश सोनी ने किया।

नाबालिग छात्र के साथ यौन शोषण का आरोपी गिरफ्तार

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी नगर में पुलिस ने देर शाम को नाबालिग छात्र के साथ यौन शोषण करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित छात्र की माता की ओर से थाने में तीन दिन पहले मामला दर्ज करवाया था।

थानाधिकारी विजय कुमार चंदेल ने बताया कि माधोगढ़ हाल खेतडीनगर निवासी एक महिला ने 25 मार्च को रिपोर्ट दी कि उसका नाबालिग बेटा सिंघाना की निजी स्कूल में कक्षा 11 में पढ़ाई करता है। छात्र पिछले काफी समय से परेशान रह रहा था, जिस पर उसको बैठाकर परेशान रहने का कारण पुछा तो उसने बताया कि सरकारी स्कूल का शिक्षक मुकेश मीणा 15 सितंबर 2023 को वह नेहरू पार्क में गया था। इस दौरान एक व्यक्ति उसे बहला फुसलाकर गाडी में बैठाकर एक क्वार्टर में ले गया, जहां उसके साथ मुख मैथुन किया। इसके बाद उसे हाट बाजार के पास छोड़ दिया तथा किसी को बताने पर धमकी दी। इसके बाद 27 जनवरी 2025 को जगदंबा मार्केट में सामान लेने के लिए गया तो वह उसे जबरन अपनी गाड़ी में बैठाकर ले गया तथा आवासीय क्वार्टर में ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती मुख मैथुन किया। इस घटना से परेशान होकर छात्र ने स्कूल जाना छोड़ दिया। थाने में मामला दर्ज होने के बाद झुंझुनूं एसपी शरद चौधरी ने विशेष टीम का गठन कर आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।

इस दौरान पुलिस टीम ने खेतडीनगर क्षेत्र में दबिश देकर सिंघाना हाल खेतडीनगर निवासी मुकेश मीणा पुत्र नत्थुराम को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी विजय कुमार चंदेल, एचसी राजेश कुमार, कांस्टेबल संदीप कुमार, नेमीचंद, दीपक आदि शामिल थे।

स्कूल-कॉलेजों में राजस्थान दिवस की धूम

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान दिवस रविवार को मनाया जाएगा। लेकिन झुंझुनूं में शनिवार को भी चारों ओर राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रमों की धूम मची रही। खासकर स्कूल-कॉलेजों में कई कार्यक्रम हुए। इसी क्रम में झुंझुनूं के राजकीय आरआर मोरारका पीजी कॉलेज में गोरबंद-2025 आयोजित किया गया।

महिला अधिकारिता विभाग के सहयोग से आयोजित हुए इस सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता कार्यक्रम गोरबंद-2025 की थीम रंगीलों राजस्थान रखी गई थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला थे। अध्यक्षता कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. राजवीर सिंह ने की। कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता डॉ. मंजू चौधरी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों की 15 टीमों के 116 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। थीम के अनुसार राजस्थान के रंग और संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए छात्राओं के एक से बढकर एक ग्रुप डांस आयोजित किए

- **गोरबंद कार्यक्रम में 15 कॉलेजों की छात्राओं ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां**
- **मेजबान कॉलेज रही प्रथम, न्यू राजस्थान द्वितीय**
- **सभी टीमों को पुरस्कार प्रदान किए**

गए। इस दौरान छात्राओं ने अपने सामूहिक नृत्यों के जरिए राजस्थान के वीर महापुरूषों, उनके जीवन के बारे में, राजस्थान की दिल को छू लेने वाली बोलियां, राजस्थान की संस्कृति, राजस्थान के ऐतिहासिक स्थल आदि के बारे में बताया।

डॉ. मंजू चौधरी ने बताया कि पिछली साल से राजस्थान दिवस के मौके पर गोरबंद कार्यक्रम शुरू किया गया था। जो इस बार और भी बड़े स्तर पर किया जा रहा है। हर साल इस कार्यक्रम में भाग लेने वाली टीमों की संख्या बढ रही है। कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग चूरू के उप निदेशक राजेंद्र सिंह शेखावत, निर्णायक सदस्य मीना आर्य, दीपिका सैनी, डॉ. प्रीति शेखावत आदि भी बतौर अतिथि मौजूद थे। कार्यकम का संचालन डॉ. संगीता एवं डॉ. आकांक्षा डूडी ने किया।

मेजबान कॉलेज रही प्रथम, न्यू राजस्थान द्वितीयः- कार्यक्रम संयोजक डॉ. मंजू चौधरी ने बताया कि प्रथम स्थान पर श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यलय झुंझुनूं, द्वितीय स्थान पर न्यू राजस्थान बालिका महाविद्यालय झुंझुनूं एवं तृतीय स्थान पर सेठ नेतराम मघराज टीबड़ेवाल राजकीय महाविद्यालय झुंझुनूं की टीत रही। टीमों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न भें कर पुरस्कृत किया गया। कार्यकम में भाग लेने वाली सभी टीमों को सहभागिता प्रमाण पत्र एवं महिला अधिकारिता विभाग द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।

सरकार ने युवाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए बेहतरीन प्रयास किये : सहारण

चूरू (निसं)। राजस्थान दिवस के उपलक्ष में आयोजित हो रहे साप्ताहिक महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव व युवा सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश स्तर पर जिलों के लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद किया।

इसी क्रम में जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव व युवा सम्मेलन का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, सीईओ श्वेता कोचर, बसंत शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी मौजूद थे। सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा, एसीएमएचओ डॉ. अहसान गौरी, डॉ. वेद प्रकाश ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि सरकार ने युवाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए बेहतरीन प्रयास किए हैं। सरकार ने शीघ्र भर्तियां पूरी कर युवाओं का

- **राजस्थान दिवस के उपलक्ष में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव व युवा सम्मेलन हुआ**

भविष्य सुरक्षित किया है और रोजगार के अधिकतम अवसर प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के सपनों को धरातल पर उतारने के लिए संकल्पित है। हमारी सरकार युवाओं को 10 लाख रोजगार के संकल्प को पूरा करने के लिए बेहतरीन अवसर उपलब्ध करवा रही है।

इस अवसर पर सुशील लाटा, सुरेश सारस्वत, दीनदयाल सैनी, नारायण बेनीवाल, सीपी शर्मा, गोपाल बालाण, धर्मेंद्र राकसिया, आकाश सैनी, सुनील ढ़ाका, श्रीराम पीपलवा, सानिवि एसई पंकज यादव, डीओआईटी एसीपी नरेश टुहानिया, रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू, डॉ. वेदप्रकाश, प्रोग्रामर राजेंद्र प्रजापत सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन रवि दाधीच, बजरंग हर्षवाल व शिवकुमार शर्मा ने किया।

नवनियुक्त कार्मिकों को प्रदान किए वेलकम किट, टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को किया सम्मानितः- जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, सीईओ श्वेता कोचर, सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा, बसंत शर्मा सहित अतिथियों ने विभिन्न विभागों में नवनियुक्त डॉ. विभा पारीक, मोनिका गौड़, आशीष ढ़ाका, आकाश महर्षि, कुमारी मुस्कान, पूजा सेन, सुभाष कुमार, संतरा, नितिन, मोहित चौबे, रामस्वरूप, पवन पिलानिया, प्रियंका जांगिड़, कौशल्या आदि को वेलकम किट प्रदान किए। इसी के साथ ग्राम पंचायत रतनगढ़ की कांगड़ व जांदवा, तारानगर की हड़ियाल व ढिंगी, सुजानगढ़ की मलसीसर व गुड़ावड़ी, चूरू की राणासर व ढाढ़रिया बणीरोतान, सरदारशहर की बायला व भोजरासर, राजगढ़ की राघा बड़ी व चांदगोठी, बीदासर की चाड़वास व रेड़ा ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत-2024 के लिए सरपंच व प्रतिनिधियों को सम्मानित किया।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 40/2025

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री अनील गोरा पुत्र श्री देवूराम गोरा निवासी वार्ड नम्बर 42 किशन कॉलोनी नवलगढ़ रोड सीकर, जिला सीकर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत मेट्रिक्स फाउण्डेशन ट्रस्ट, पुलिया के पास पिपराली रोड, सीकर जिला सीकर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियो के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 28.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 02.06.2025

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 41/2025

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री अनील गोरा पुत्र श्री देवूराम गोरा निवासी वार्ड नम्बर 42 किशन कॉलोनी नवलगढ़ रोड सीकर, जिला सीकर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत यंग साईन्टिस्ट वैलफेयर फाउण्डेशन ट्रस्ट, पुलिया के पास पिपराली रोड, सीकर जिला सीकर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियो के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 28.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 02.06.2025

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 42/2025

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री महेन्द्र सिंह ढाका पुत्र श्री रेखाराम निवासी ग्राम पोस्ट भढाढर, तहसील सीकर ग्रामीण जिला सीकर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत रेखा राम ढाका मेमोरियल वेलफेयर ट्रस्ट ग्राम भढाढर, तहसील सीकर ग्रामीण, जिला सीकर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियो के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 28.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 02.06.2025

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 44/2025

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री अरशद अनिश खान पुत्र अनिश अहमद खान निवासी एफ-71, इंदिरा नगर, झुंझुनूं ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत दानिश खान अहमद हसन मैमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट, एफ-71, इंदिरा नगर, झुंझुनूं के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियो के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 28.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 02.06.2025

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सरकार
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री
म्हारी पहचान, म्हारो मान
म्हारो अग्रणी राजस्थान
राजस्थान दिवस
एवं
भारतीय नववर्ष
चैत्र शुक्ल प्रतिपदा
पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं
भजनलाल शर्मा
मुख्